भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के पुणे हवाईअड्डे द्वारा उच्चतम एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (ए एस क्यू) रेटिंग की उपलब्धि प्राप्त किया जाना ।

नई दिल्ली, 10 फरवरी, 2017 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को 11 हवाई अड्डों की तिमाही -IV (अक्तूबर-दिसम्बर) 2016 के लिए ए सी आई ए एस क्यू सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्राप्त हुई पुणे हवाई अड्डे ने 4.78 उच्चतम ए सी आई -ए एस क्यू रेटिंग हासिल की तथा वह विश्व में 29 वें स्थान पर है, इसी क्रम में लखनऊ हवाईअड्डा 4.76 की ए एस क्यू रेटिंग हासिल कर 31 वें स्थान पर रहा । तिमाही -IV के दौरान भा वि प्रा के 11 हवाई अड्डों की औसत ए एस क्यू रेटिंग 4.56 रही जो कि वैश्विक औसत 4.16 से अधिक है । भा वि प्रा के 11 हवाईअड्डों का औसत पिछली तिमाही के 4.46 से बढ़कर इस तिमाही में 4.56 हो गया है ।

अहमदाबाद, कालीकट, पुणे, श्रीनगर और त्रिवेन्द्रम हवाई अड्डों की ए एस क्यू रेटिंग 2016 की तिमाही -III की तुलना में तिमाही -IV में बढ़ गई है । इसी अवधि में चेन्नई, जयपुर, लखनऊ और गोवा हवाई अड्डों की ए एस क्यू रेटिंग में कमी आई है जबकि गुवाहाटी वे कोलकाता हवाई अड्डों की रेटिंग में कोई अंतर नहीं आया है ।

ए एस क्यू मानदण्डों का हवाई अड्डा वार विश्लेषण किया गया । समझौता ज्ञापन लक्ष्यों के आधार पर हवाई अड्डा वार मानदण्डों को 5 श्रेणियों में बांटा गया, तदनुसार रेटिंग प्राप्त की गई । सर्वेक्षण में अंतर्देशीय तथा अन्तरराष्ट्रीय दोनों टर्मिनलों पर यात्रियों के संतुष्टि स्तर को मापने के लिए 33 मापदण्डों को अपनाया गया ।

एयरपोर्ट एर्विस क्वालिटी (ए एस क्यू) रेटिंग विश्वभर में हवाई अड्डा सेवाओं के लिए बैचमार्क है। एयरपोर्टस काउंसिल इन्टरनेशनल (ए सी आई) अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का वैश्विक निकाय विश्व भर में ए एस क्यू सर्वेक्षण करता है । ए एस क्यू सर्वेक्षण प्रमुख सेवा मानदण्डों तथा चिहिन्त सेवाओं के आधार पर किए जाते हैं ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,
सं. 68/2016-17

<u>संपादक को टिप्पणी :</u>

भा वि प्रा के ।। हवाई अड्डों के लिए 2016 की ।।। - तिमाही (जुलाई -सितम्बर) की तुलना में IV तिमाही (अक्टूबर-दिसम्बर) के लिए ए सी आई -ए एस क्यू सर्वेक्षण में ए एस क्यू रेटिंग

(पांच प्वाइंट स्केल पर)

हवाईअड्डे का नाम	तिमाही IV (अक्टूबर से दिसम्बर) 2016		तिमाही ।।। (जुलाई से सितम्बर) 2016		तिमाही ।।। की तुलना में एस क्यू तिमाही-IV 2016 की रेटिंग में विभिन्नता
	ए एस क्यू रेटिंग	रेक	ए एस क्यू रेटिंग	रेक	
पुणे	4.78	29	4.70	32	0.08
लखनऊ	4.76	31	4.93	15	-0.17
कोलकाता	4.73	33	4.73	29	000
अहमदाबाद	4.66	38	3.70	240	0.96
त्रिवेन्द्रम	4.66	37	4.38	68	0.28
श्रीनगर	4.59	41	4.26	95	0.33
चेन्नई	4.57	43	4.62	39	-0.5
जयपुर	4.49	55	4.79	27	-0.30
गुवाहाटी	4.39	66	4.39	67	0.00
गोवा	4.30	93	4.40	66	-0.10
कालीकट	4.23	115	4.17	126	0.06
11 हवाईअड्डों का औसत	4.56		4.46		0.10
विश्वस्तरीय औसत	4.16		4.15		0.01

वर्ष 2016-17 के लिए उत्कृष्ट रेटिंग हेतु पांच प्वाइंट स्केल पर 4.80 का एम ओ यू लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।